संख्या–cm-325
22/06/2020

मुख्यमंत्री ने कोविड–19 से बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में मुख्य सचिव एवं प्रधान सचिव स्वास्थ्य के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा, मुख्यमंत्री के निर्देश

- कोरोना संक्रमण से जिन्हें ज्यादा खतरा है, वैसे लोगों के संबंध में विशेष सावधानी एवं सतर्कता बरतने की जरूरत है। 65 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति, 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चे–बच्चियों, गर्भवती महिलाओं तथा अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

- अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों के प्रति अधिकतम सावधानी एवं सतर्कता बरती जाय।

- अत्यधिक संक्रमण प्रभावित क्षेत्रों से राज्य में वापस आने वाले बिहार के बाहर के लोगों के क्षेत्रों को चिन्हित कर वहाँ विशेष स्क्रीनिंग अभियान चलाकर योजनाबद्ध तरीके से अधिक से अधिक टेस्टिंग की जाय ताकि संक्रमण की चेन को तोड़ा जा सके।

- टेस्टिंग के दायरे को और व्यापक बनाया जाय।

- आइसोलेशन वार्ड्स में आकस्मिक परिस्थिति के लिये रक्षित ऑक्सीजन सिलिंडरों की संख्या बढ़ायी जाय।

- मास्क के प्रयोग के प्रति और जागरूक करने की जरूरत है। मास्क पहनना कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये जरूरी है। चूँकि लोगों के बाह्य क्रियाकलाप और सम्पर्क बढ़ रहे हैं इसलिये लोग मास्क पहनकर ही चलें।

- लोगों को माइकिंग एवं अन्य प्रचार माध्यमों से कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये लगातार जागरूक करते रहें। यद्यपि कोरोना संक्रमण के नये मामले आ रहे हैं तथापि कोरोना संक्रमित लगातार स्वस्थ होकर घर जा रहे हैं। लोग कोरोना संक्रमण से घबरायें नहीं, धैर्य रखें, सचेत रहें और सतर्क रहें। सोशल डिस्टेंसिंग के पालन करने के साथ–साथ मास्क के उपयोग के लिये लगातार प्रेरित करते रहें।

- मॉनसून का आगमन हो चुका है। कोविड–19 के साथ–साथ हमें संभावित बाढ़ से भी जूझना पड़ सकता है। दोनों चुनौतियों के लिये अभी से पूरी तैयारी रखी जाय। हमलोगों ने हर चुनौती का मिल–जुलकर सफलतापूर्वक सामना किया है।

पटना, 22 जून 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कोविड–19 से बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में मुख्य सचिव एवं प्रधान सचिव स्वास्थ्य के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा की।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुये कहा कि वलनरेबल ग्रुप के संबंध में विशेष सावधानी एवं सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 65 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति, 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चे–बच्चियों, गर्भवती महिलाओं तथा अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों के प्रति अधिकतम सावधानी एवं सतर्कता बरती जाय। अत्यधिक संक्रमण प्रभावित क्षेत्रों से राज्य में वापस आने वाले बिहार के बाहर के लोगों के क्षेत्रों को चिन्हित कर वहॉ विशेष स्क्रीनिंग अभियान चलाकर योजनाबद्ध तरीके से अधिक से अधिक टेस्टिंग की जाय ताकि संक्रमण की चेन को तोड़ा जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टेस्टिंग के दायरे को और व्यापक बनाया जाय। उन्होंने निर्देश देते हुये कहा कि आइसोलेशन वार्ड्स में आकस्मिक परिस्थिति के लिये रक्षित ऑक्सीजन सिलिंडरों की संख्या बढ़ायी जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मास्क के प्रयोग के प्रति और जागरूक करने की जरूरत है। मास्क पहनना कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये जरूरी है। चूँकि लोगों के बाह्य क्रियाकलाप और सम्पर्क बढ़ रहे हैं इसलिये लोग मास्क पहनकर ही चलें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को माइकिंग एवं अन्य प्रचार माध्यमों से कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये लगातार जागरूक करते रहें। यद्यपि कोरोना संक्रमण के नये मामले आ रहे हैं तथापि कोरोना संक्रमित लगातार स्वस्थ होकर घर जा रहे हैं। लोग कोरोना संक्रमण से घबरायें नहीं, धैर्य रखें, सचेत रहें और सतर्क रहें। लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के पालन करने के साथ–साथ मास्क के उपयोग एवं साफ–सफाई के लिये लगातार प्रेरित करते रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मॉनसून का आगमन हो चुका है। कोविड–19 के साथ–साथ हमें संभावित बाढ़ से भी जूझना पड़ सकता है। दोनों चुनौतियों के लिये अभी से पूरी तैयारी रखी जाय। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने हर चुनौती का मिल–जुलकर सफलतापूर्वक सामना किया है।

******